दिनांक : 03.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

देशभर में शत–प्रतिशत राशन कार्ड अब डिजिटल हो चुके हैं। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज लोकसभा में ये जानकारी दी। श्री जोशी ने कहा कि लगभग सभी 20 करोड़ 58 लाख घरेलू राशन कार्डों को डिजिटल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सरकार **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के तहत लाभार्थियों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज मिलता है। ये योजना साल 2029 तक जारी रहेगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी ओदशों के अनुसार दोपहर तीन बजे मंत्रिमंडल बैठक बुलाई गई है। इसके बाद मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में कई विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। इसमें 10 दिसम्बर को होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। वहीं मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की जा सकती है। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों के बाद हो रही इस बैठक को मंत्रिमंडल में होने वाले संभावित फेरबदल और नई राजनीतिक नियुक्तियों से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। दिव्यांगों के अधिकारों, सामाजिक सहभागिता और सशक्तिकरण के लिए ये दिन समर्पित है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में राज्य में हर दिव्यांगजन को समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भरता का मार्ग मिलने का संकल्प व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने लिखा कि दिव्यांगों ने अदम्य इच्छाशक्ति और अटूट हौसले से साबित किया है कि जज़्बा हो तो हर मंज़िल पास होती है, सीमाएं केवल मन में होती हैं। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

000

प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शुरू की गई जनसुनवाई की पहल के तहत आज चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं। महिला तथा बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार भी जनसुनवाई में मौजूद हैं। इसमें प्रदेशभर से आए कार्यकर्ता और लोग अपने–अपने क्षेत्रों की शिकायतें और मांग रख रहे हैं।

000

सुप्रीम कोर्ट ने जल जीवन मिशन से जुड़े मामले में प्रदेश के पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी को ज़मानत पर रिहा करने के आदेश दिये हैं। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ए.जी. मसीह की पीठ ने जोशी की ज़मानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिये। पूर्व मंत्री पिछले कई महीनों से जयपुर सेंट्रल जेल में बंद थे। याचिका में अधिवक्ता विवेक जैन ने अदालत को बताया कि एसीबी में दर्ज मूल प्रकरण में याचिकाकर्ता का नाम नहीं है।

000

राजसमंद में तीन दिन से चल रहे कुंभलगढ़ फेस्टिवल का आज समापन होगा। कुंभलगढ़ दुर्ग पर हो रहे इस उत्सव के दूसरे दिन चकरी, सहरिया, चंग–ढप, कच्छी घोड़ी, गेर और कालबेलिया लोक नृत्यों की धूम रही। देशी–विदेशी सैलानियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी इन लोक धुनों पर थिरकते नजर आए। समापन संध्या पर आज सामूहिक नगाड़ा वादन और शास्त्रीय नृत्य ओडीसी की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही कई तरह की साफा बांधो और रस्साकशी सहित कई रोचक गतिविधियां होंगी।

000

उत्तरी भारत में चल रही बर्फीली हवाओं का असर राज्य में भी कई जिलों में देखा जा रहा है। इस कारण प्रदेश के उत्तर–पूर्वी जिलों में तापमान में गिरावट आने लगी है। वहीं कुछ जिलों में तापमान में

उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिनों में झुंझुनूं, चूरू और सीकर जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में सुबह–शाम कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई गई है। इस बीच, आज सीकर के फतेहपुर में सबसे कम 3 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। चूरू, नागौर और पिलानी में भी रात का पारा 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

000